संख्या: 810 /68-5-2019

प्रेषक,

रेणुका कुमार
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

1- शिक्षा निदेशक (बेसिक),
उ0प्र0 लखनऊ।
2- सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद,
उ0प्र0 प्रयागराज।

बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ : दिनांक: 09 सितम्बर, 2019

विषयः उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2019-20 हेतु जनपद के अन्दर समायोजन प्रकिया बन्द किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-572/68-5-2019-15(149)/10टी.सी. दिनांक 17.06.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक 2019-20 हेतु जनपद के अन्दर समायोजन के संबंध में आदेश निर्गत किये गये थे। शासन के पत्र संख्या-722/68-5-2019-15(149)/10टी.सी.-1, दिनांक 31.07.2019 समायोजन की अन्तिम तिथि 15.07.2019 के स्थान पर 16.08.2019 निर्धारित की गयी शासन के संज्ञान में आया है कि कई जनपद में उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात समायोजन की कार्यवाही की जा रही है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक 2019-20 हेतु जनपद के अन्दर समायोजन प्रक्रिया बन्द किये जाने का निर्णय लिया है। कृपया तदनुसार कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

उक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2- राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान, उ0प्र0।
3- निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ।
4- निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0/साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0।
5- वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
6- समस्त संयुक्त शिक्षा निदेशक/समस्त प्राचार्य डायट, उ0प्र0।
7- समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0।
8- समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(उमेश कुमार तिवारी)
अनु सचिव।

Raj Letter-1260

Scanned with CamScanner